# शहर में सात जगहों पर बनेंगे ईवी चार्जिंग स्टेशन

## टाटा पावर के प्रस्ताव को नगर निगम की **मंजूरी** वाहन चालकों को मिलेगी सहूलियत

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : शहर में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए नगर निगम अब ई-वी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ चुका है। टाटा पावर और निटकान कंपनी की ओर से शहर के 30 से ज्यादा स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने का प्रस्ताव दिया गया है। फिलहाल सात स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन को नगर निगम की ओर से स्वीकृति देने की कवायद शुरू कर दी गई है। हालांकि यहां वाहनों को चार्ज कराने के दौरान लोगों को पेट्रोल पंप जैसी कोई सुविधा नहीं मिलेगी।

टाटा पावर और निटकान की ओर से मिले प्रस्ताव के क्रम में नगर निगम ने फिलहाल टाटा पावर के दो स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इनमें से एक चार्जिंग स्टेशन सिस्टम एयरपोर्ट पर और दो मल्टीलेवल पार्किंग में लगाए जाएंगे। वहीं, निगम के द्वारा निटकान कंपनी को गोरखनाथ मंदिर रोड पर स्थान दिया जा रहा है। जल्द ही शहर के सात प्रमुख स्थानों पर ये ई-वी चार्जिंग स्टेशन काम करना शुरू कर देंगे। इस कदम से ई-वाहन चालकों की चार्जिंग से जुड़ी दिक्कतें दूर होंगी और स्वच्छ, पर्यावरण अनुकूल परिवहन प्रणाली को बढ़ावा मिलेगा। ई-मोबिलिटी को बढ़ावा देने वाला यह कदम गोरखपुर को हरित और आधुनिक तकनीक से लैस शहर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

### निगम को प्रति यूनिट मिलेंगे एक रुपये

नगर निगम की योजना के अनुसार विभिन्न चौराहों, मुख्य सड़कों और सार्वजनिक स्थानों के किनारे कंपनियों को चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए पांच गुणा पांच फीट आकार की निशुल्क भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं, प्रति यूनिट एक रुपये की दर से कंपनियां नगर निगम को भुगतान करेंगी। इसके अलावा कंपनी इस पर विज्ञापन लगाकर भी कमाई करेगी, जिसका 30 प्रतिशत राशि निगम को देगी। यहां वाहन चार्ज कराने वाले लोगों को टायलेट, पीने का पानी, टायरों में भरने के लिए हवा जैसी कोई सुविधा नहीमिलेगी।

> फिलहाल दोनों कंपनियों द्वारा कुल सात स्थानों पर ई-वी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। शहर में ई-वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है, इसलिए इस पहल से न केवल आम नागरिकों को सुविधा मिलेगी, बल्कि प्रदूषण कम करने के प्रयासों को भी मजबूती मिलेगी।
>
> अतुल कुमार, अपर नगर आयुक्त

- निटकान का गोरखनाथ रूट पर पांच स्टेशन स्थापित करने का प्रस्ताव
- कंपनियों की शहर में 30 स्टेशन स्थापित करने की योजना

### कंपनी की ओर से तय किया जाएगा चार्जिंग शुल्क

इस चार्जिंग स्टेशन के बनने से लोगों को काफी राहत मिलेगी। घर से बाहर इन ईवी गाड़ियों की बैटरी को चार्ज करने में काफी सहूलियत होगी। यहां दोपहिया वाहनों की बैटरी 30 से 40 मिनट में तथा चारपहिया वाहनों की बैटरी 45 से 60 मिनट में चार्ज की जा सकेगी। फिलहाल कंपनी की ओर से चार्जिंग शुल्क के संबंध में नगर निगम को जानकारी नहीं दी गई है। निटकान कंपनी के प्रतिनिधि विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि जल्द ही इस दर को तय कर दिया जाएगा।